तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 कोमाखान पुलिस की शराबबंदी मुहीम, बन ...





14 पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध कर सुरक्षा का लिया संकल्प




## खबर संक्षेप

### घर में पूजा के दौरान हुई मोबाइल की चोरी

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में पूजा के दौरान मोबाइल चोरी की खबर सामने आई है. प्रार्थी ने बताया कि पूजा के दौरान एक अनजान व्यक्ति आया था, उसी पर चोरी की आशंका जताई जा रही है। तरूण कुमार साहू पिता तामेश्वर प्रसाद साहू निवासी धरम नगर पचपेड़ी नाका रायपुर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 4 अगस्त को वह अपनी दीदी के यहां मंदिर के पूजा कार्यक्रम में शामिल होने ठेठवार भवन वार्ड क्र. 4 नयापारा महासमुंद गया था। पूजा का कार्यक्रम चल रहा था। घर एवं रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग भी शामिल थे. उसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति घर में आया और पूजा में शामिल होने का नाटक कर रहा था, भीड़ का फायदा उठाकर उसने सोफासेट में रखे हुए मोबाईल को चोरी कर ले गया। मोबाइल की कीमत करीब 6 हजार बताई गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### भाई ने नुकीली वस्तु से वार कर किया घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सिरको में बड़े भाई के साथ गाली गलौज कर नुकीली वस्तु से वार कर घायल करने की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राम सिरको निवासी शिशुपाल मांझी 6 अगस्त को रात करीबन 10 बजे अपने घर में था। इसी दौरान उसका छोटा भाई खीरसागर मांझी घर के बाहर आकर गाली देने लगा, उसे मना करने पर तुम लोग मेरी पत्नी को उसके मायके क्यों जाने दिये हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे नुकीली वस्तु से शिशुपाल मांझी पर वार किया, जिससे उसके गर्दन के पास चोट लगी है। गाली गलौच मारपीट करते समय गजपति मांझी, रोहित सागर एवं शिशुपाल मांझी की पत्नि धनमोती मांझी देखे, सुने एवं बीच बचाव किये। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी खीरसागर मांझी के खिलाफ 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# भाईयों की कलाई में सजेगी राखी, त्यौहार को लेकर दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंचल में बहनों व भाईयों के स्नेह एवं प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व आज धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके चलते वजह से नगर और आसपास के बाजारों में रौनक रही। नगर के मुख्य मार्ग एवं सराफा बाजार में सजीं राखियों और मिठाइयों की दुकानों से पूरा क्षेत्र त्योहार के रंग में रंगा नजर आ रहा है। रंग-बिरंगी राखियों की चमक, मिठाइयों की खुशबू और ग्राहकों की भीड़ ने माहौल में उत्सव का रंग भर दिया है। आज बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। वहीं भाई भी बहनों को उपहार देकर उन्हें सुरक्षा और स्नेह का भरोसा देंगे। बाजारों में पारंपरिक राखियों के साथ आधुनिक वैरायटी की राखियों की भरमार देखने को मिली।

नगर के मुख्य मार्ग एवं बाजार में लगी दुकानों में परंपरागत राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, डोरी, डिजाइनर राखियां और हैंडमेड राखियों की भी खूब मांग है। इस बार राखियों की नई-नई वैरायटी मंगाई गई है, जो ग्राहकों को काफी पसंद आ रही है। पूरे अंचल में राखी त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग राखी एवं मिठाई खरीदने दिन भर पहुंचते रहे। वहीं भाईयों ने भी अपने बहनों को देने उपहार खरीदी की, जिससे बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ गई। इधर डाक विभाग द्वारा लागू किया गया एडवांस सॉफ्टवेयर 2.0 लोगों की परेशानी की वजह बना रहा। सॉफ्टवेयर सर्वर में आ रही परेशानी की वजह से डाक विभाग की अधिकतर सेवाएं बेहद सुस्त हो गई हैं। एक दिन में कई बार सर्वर डाऊन हो रहा है। इससे रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, खातों से जुड़ी सेवाएं समेत तमाम कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं एवं बहनों को पोस्ट के द्वारा दूर में रहने वाले भाईयों को राखी भेजने के लिए दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है।

## राखी खरीदने दिनभर लगी रही लोगों की भीड़, खूब बिकीं मिठाइयां

### मिठाइयों की दुकानों पर रही चहल-पहल

रक्षाबंधन पर मिठाईयों का विशेष महत्व होता है। बाजार में डिब्बाबंद मिठाईयों के साथ-साथ सोनपापड़ी, काजू कतली, बर्फी और स्थानीय मिठाइयों के स्टॉल सजे हुए है। मिठाई इस बार ग्राहकों के स्वाद और पसंद को ध्यान में रखते हुए कई नई वैरायटी उपलब्ध कराई गई है।



### जेल में भी मनाया जायेगा रक्षाबंधन का त्योहार

जिला मुख्यालय लगे ग्राम बेमचा में स्थित जिला जेल में भी हर वर्ष की भांति इस बार भी जेल में बंद कैदियों के हाथों में उनके बहनें राखी बाधेंगी जिसके लिए जेल प्रबंधन ने प्रशासन से मिली दिशानिर्देश के अनुसार जेल परिसर में समुचित व्यवस्था की गई। बहनें अपने भाईयों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक राखी बांध सकेंगी।

### भद्रा की स्थिति नहीं

इस रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, इस बार भद्रा 8 और 9 अगस्त की मध्यरात्रि के बाद समाप्त हो जाएगी, जिससे 9 अगस्त को पूरे दिन राखी बांधने के लिए शुभ समय रहेगा। 9 अगस्त शनिवार को राखी बांधने का विशेष शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से शुरू होकर दोपहर 1 बज कर 24 मिनट तक रहेगा। इसके बाद भी बहनें अपने भाईयों को पूरे दिन राखी बांध सकेंगी।

## गड़बड़ी : गरीबों का राशन बेचने वाले अब कह रहे-करेंगे स्टॉक की भरपाई

# 3 राशन दुकानों में 90 लाख के राशन की हेराफेरी आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गरीबों को निःशुल्क और रियायती दरों पर मिलने वाले राशन का गबन करने वाले 3 दुकानदारों के खिलाफ खाद्य विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। सूत्र बताते हैं कि मामले के तार भाजपा नेता के रिश्तेदार और करीबियों से जुड़े हैं इसलिए, सत्यापन के बाद से ही ऐसे भाजपाईयों नेताओं के नाम सामने आए हैं। जिनके द्वारा मामले को गुपचुप तरीके से रफा दफा करने सहित कार्रवाई नही करने विभाग पर दबाव बनाने की नाकाम कोशिश की।



मामले का खुलासा तब हुआ जब मिली शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम भौतिक सत्यापन करने पहुंची। सूत्र बताते हैं कि इनमें से एक राशन दुकान से कुछ दिन पहले सरकारी चावल बेचने के लिए सीधे महामाया चौक में एक व्यापारी के यहां पहुंचा दिया गया। जिसका विडियो बनाने वालों को संबंधित दुकानदार द्वारा भारी भरकम राशि देकर मामले को रफा-दफा किया जा चुका है।

मामले की पुष्टि करते हुए जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि इन तीनों राशन दुकानों के सत्यापन में चावल के स्टॉक में कमी पाई गई है। नोटिस के जवाब में संचालकों ने राशि भरपाई करने की सहमति जताई है। समय पर भरपाई न करने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

### दंडनीय अपराध की श्रेणी अंतर्गत दिया गया नोटिस

विभाग की ओर सार्वजिनक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 11(4),(5),(6),(11),13(1), कंडिका 14 एवं कंडिका 15 का उल्लंघन तथा उचित मूल्य की दुकान को संचालित करने के लिए जारी अनुज्ञप्ति/ आबंटन प्राधिकर पत्र के अधीन विहित शर्तो का उल्लंघन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी के अंतर्गत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। तथा कंडिका 16(5) एवं 16(7) के अंतर्गत राशि वसूली प्रतिवेदित किया गया है।

### इन्हें मिला है भरपाई करने का नोटिस

जिन तीन दुकान संचालकों को नोटिस भेजा गया है उनमें नयापारा वार्ड 4 की "उत्कल महिला बचत एवं साख समिति, जिसकी अध्यक्ष सरिता सिक्का तथा विक्रेता गोपी सिक्का, वार्ड 30 आदर्श नगर की "मां महामाया प्राथमिक उपभोक्ता भंडार समिति महासमुंद" जिसके अध्यक्ष व विक्रेता रोशन साहू और वार्ड 29 की "गौरा-गौरी खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सह. समिति, महासमुंद" जिसके अध्यक्ष टिकेश्वर साहू व विक्रेता लक्ष्मीनारायण साहू हैं, के खिलाफ शिकायत मिली थी। भौतिक सत्यापन 17 अप्रैल 2025 को हुआ जिसमें इन दुकानों में स्टॉक कम पाया गया। विभाग की ओर से उक्त तीनों दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। दुकानों संचालकों ने विभाग को जवाब देते हुए स्टॉक की भरपाई करने पर सहमति जताई है।

### यहां इतने की हेराफेरी हुई उजागर

उत्कल महिला बचत एवं साख समिति में बीपीएल चावल 611.44 क्विंटल राशि 2545277.97 लाख रुपए और एपीएल चावल 67.07 क्विंटल राशि 276876.75 लाख रुपए कुल राशि 2822154.72 लाख रुपए की हेराफेरी पाई गई। समिति व विक्रेता द्वारा यथा हितग्रहियों को छोड़कर अन्यत्र विक्रय कर अनुचित लाभ लिए जाने की बात सामने आई है। इसी तरह मां महामाया प्राथमिक उपभोक्ता भंडार समिति में बीपीएल चावल 453.8 क्विंटल कुल राशि 1451970.69 रुपए और गौरा-गौरी खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सहकारी समिति में बीपीएल चावल 1075.22 क्विंटल कुल राशि 4475882.81 लाख रुपए के चावल की हेराफेरी किया जाना पाया गया।

# शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, 10 साल सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी का प्रलोभन देकर अनाचार के



मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मोनिका जायसवाल ने देवभोग गरियाबंद थाना क्षेत्र के ग्राम गोलामाल निवासी 26 वर्षीय उपेश उर्फ उमेश मांझी पिता दुर्योधन मांझी को भादसं की धारा 376 (1) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार तेंदूकोना थाना में पीड़िता ने 12 जुलाई 24 को शिकायत दर्ज कराई कि गर्मी में नहर-नाली का काम उनके गांव में चल रहा था। जिसमें काम करने गरियाबंद क्षेत्र का उमेश मांझी आया हुआ था। जान-पहचान होने के कारण आरोपी ने उसे शादी करने की बात कही और मई 2024 में बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। काम बंद होने पर अभियुक्त के पास जाकर शादी करने कहा तो उसने मोबाईल नंबर देकर गरियाबंद में आकर मिलने कहा। पीड़िता ने गरियाबंद जाकर संपर्क स्थापित किया तो मोबाईल नंबर बंद मिला। शिकायत की विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर अतिरिक्त लोक अभियोजन सुरेंद्र गिरि ने पैरवी की।

### ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहनों की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्दा से ताला तोड़कर सोने चांदी के गहनों की चोरी की खबर सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम तुपकबोरा, बागबाहरा निवासी गैंदराम चक्रधारी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि ग्राम कोल्दा उसका ससुराल है। उसके ससुर का निधन हो जाने से वह देखरेख करने ग्राम कोल्दा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। 6 अगस्त को वह अपनी पत्नी सुमरित बाई चक्रधारी एवं सास गायत्री चक्रधारी को साथ लेकर मोटर सायकल से सुबह करीब 8 बजे गांव कोल्दा के परशुराम चक्रधारी के खेत में मजदूरी करने सेवाती खार गये थे। बाहर लोहे का गेट एवं अंदर के दरवाजा में ताला लगा हुआ था। मजदूरी करके दोपहर करीबन 3 बजे वापस घर आये तो पता चला कि दरवाजे में लगा हुआ ताला नहीं था। घर अंदर परछी में लकड़ी का पेटी खुला था एवं सामान बिखरा पड़ा था। कोई अज्ञात व्यक्ति लकड़ी की पेटी के अंदर रखे 9 नग सोने की लॉकेट पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 18 हजार रुपये, एक जोड़ी चांदी का पायल पुरानी इस्तेमाली कीमती 5 हजार रुपये कुल कीमत 23 हजार रुपये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (क) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम टेका के पेट्रोल पम्प के पास एनएच 53 रोड़ पर बस और ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने 7 अगस्त को बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सरीफाबाद (सांकरा) निवासी शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि 17 जुलाई को दोपहर लगभग 2:30 बजे उसके मामा नरसिंग पटेल ने फोन कर बताया कि आपका भाई वीरेंद्र कुमार नायक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जी क्यू 4650 से अपने घर जा रहा था, ग्राम टेका पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था तभी रायपुर की ओर से आ रही राजालक्ष्मी ट्रैवल्स बस क्रमांक ओडी 05 पी 1550 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ट्रेक्टर को ठोकर मार दिया है। सूचना के बाद शैलेंद्र तत्काल ग्राम टेका जाने के लिये निकला और जाकर देखा तो क्षतिग्रस्त हालत में ट्रैक्टर और बस खड़ी थी। उसके भाई को ताराचंद पटेल इलाज हेतु सीएचसी पिथौरा लेकर गये थे। शैलेंद्र ने अस्पताल जाकर देखा तो वीरेंद्र नायक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके सिर, दाहिने हाथ के बांह, कलाई में चोटें आई है। इलाज कराने के बाद शैलेंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### मछली पालन के लिए 13 अगस्त तक आवेदन मंगाए

**महासमुंद।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अधीनस्थ सोनदादर जलाशय को मछली पालन कार्य के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बागबाहरा ने बताया कि पट्टा आंबटन प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, जिसमें पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूहों, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग की पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसी तरह सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह आदि के स्व सहायता समूहों को, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व सहायता समूहों एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहायता समूहों को तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक द्वारा आवेदन सहित आवश्यक दस्तावेज 13 अगस्त 2025 को शाम 5.30 तक जनपद पंचायत बागबाहरा के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

# सावन का अंतिम दिवस आज, बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूर्णाहुति, हवन पूजन का होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के पावन महीने का अंतिम दिन पर आज अंचल में लोग श्रद्धा, भक्ति और शिव आराधना में डूबा नजर आएंगे। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। नगर एवं आस पास के प्रमुख शिव मंदिरों में भक्त जल, दूध और बेलपत्र से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। अंतिम दिवस को विशेष पुण्यदायी माना जाता है, ऐसे में शिवभक्तों का उत्साह देखने को मिलेगा। आज अंचल के मंदिरों में



भगवान शिव की भक्ति का अद्वितीय नजारा देखने को मिलेगा। मंदिरों में अभिषेक, भक्तों की आराधना और वातावरण में गूंजता शिवनाम इन सबने सावन के इस आखिरी दिवस को अविस्मरणीय बना देगा। सावन के अंतिम दिवस को बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में श्रावणी समापन पूजन का कार्यक्रम का आयोजन होगा।

बम्हनेश्वर नाथ मंदिर के सर्वराकार प्रबंधन समिति से मिली जानकारी के अनुसार आज सावन के अंतिम दिवस पर बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में श्रावणी पूजन की पूर्णाहुति हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से होगा इसमें बम्हनेश्वर नाथ महादेव का सांगोपांग पूजन, दुग्धाभिषेक, हनुमान एवं माता सावित्री की आरती, ब्राम्हण भोज शामिल है। मंदिर में गंगा आरती के समापन के पश्चात भंडारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन 4 बजे होगा। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन सर्वराकार प्रबंधन समिति ग्राम बम्हनी के द्वारा किया गया है।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

# स्वतंत्रता पर्व का गरिमामय आयोजन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मिनी स्टेडियम में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किया। इस दौरान उन्होंने मंच की व्यवस्था, बेरिकेटिंग और मैदान की स्थिति का विस्तार से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय तरीके से आयोजित करने समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच की सजावट और आयोजन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने बेरिकेडिंग को सुव्यवस्थित



रखने और आगंतुकों के लिए समुचित व्यवस्थाओं जैसे बैठने, पेयजल, और प्रवेश-निकास की सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी और आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम को देशभक्ति से ओत-प्रोत और स्थानीय संस्कृति को महत्व को प्राथमिकता देते हुए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त मात्रा में ओआरएस रखने तथा एक मेडिकल टीम तैनात करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिसकी सूची 11 अगस्त भेजने के निर्देश दिए गए। मौसम को देखते हुए सभी पंडाल वाटर प्रूफ बनाने कहा गया है।

# कार और बाइक में टक्कर चालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली सिंघोड़ा क्षेत्र में

- आरोपियं के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने गुरुवार तड़के सुबह एक सक्रिय बकरी चोर गैंग को दबोच लिया। यह गिरोह दो कारों में सवार होकर भाग रहा था, लेकिन पुलिस की सक्रिय कार्रवाई ने उन्हें पकड़ने में सफलता दिलाई। हालांकि, इस पूरी कार्रवाई के दौरान एक निर्दोष व्यक्ति की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, बकरी चोर गिरोह दो वाहनों स्कार्पियो और एक आर्टिगा कार में सवार था। पुलिस के पीछा किए जाने पर चोरों ने तेज रफ्तार में भागने की कोशिश की, इसी दौरान उन्होंने सड़क से गुजर रहे एक बाइक सवार आम नागरिक को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि मृतक लहसुन-मिर्च बेचने का काम करता था और घटना के वक्त वह कहीं सामान बेचने जा रहा था। घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम दिगंबर पटेल बताया जा रहा है। मृतक की पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है वहीं उसके बड़े भाई है। सरायपाली और सिंघोड़ा क्षेत्र के ग्रामीण इस बकरी चोर गैंग से पहले से परेशान थे। कई किसानों की दर्जनों बकरियां चोरी हो चुकी थीं। कुछ दिन पहले थाने में इन घटनाओं को लेकर एफआईआर भी दर्ज की गई थी, लेकिन आरोपी गिरोह पकड़ से बाहर था। पुलिस ने गिरोह के कुछ सदस्यों को कार सहित पकड़ लिया है और थाने लाया गया है। कुछ आरोपी कार छोड़कर भाग गए थे, जिन्हें भी बाद में दबोच लिया गया। पूछताछ जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# वनबंधु परिषद ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

वनबंधु परिषद द्वारा संचलित एकल अभियान का सौहार्दपूर्ण आयोजन के तहत रक्षाबंधन उत्सव का पुलिस बल के साथ खल्लारी थाना में शुक्रवार 8 अगस्त को खल्लारी थाना में मनाया गया। इस अवसर पर एकल अभियान भीमखोज व बागबाहरा संच संगठन के आचार्यों द्वारा थाना खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग सहित पुलिस के सभी जवानों को राखी बांध खल्लारी थाना में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां एकल अभियान, भीमखोज (खल्लारी) - बागबाहरा के सदस्यों ने कार्यक्रम के दौरान आपसी सहयोग, सामाजिक एकता और सुरक्षा बलों के सम्मान का भाव प्रकट किया गया। वहीं इस पर्व पर आचार्यों एवं बहनों ने थाना प्रभारी एवं संपूर्ण पुलिस स्टाफ को राखी बांधकर भाईचारे एवं सौहार्द्र का संदेश दिया। थाना खल्लारी में रक्षाबंधन आयोजन के इस दौरान भीमखोज संच संगठन के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, उपाध्यक्ष पूरण साबर, आरोग्य विभाग से प्रकाश चंद्राकर युवा समिति कुबेर यादव, ग्राम समिति डोंगर सिंह ठाकुर, भीमखोज संच प्रमुख योगेश चक्रधारी, भुरकोनी संच प्रमुख राधेश्याम दीवान, बागबाहरा संच प्रमुख दयालाल सहित भीमखोज एवं बागबाहरा संच के आचार्य एवं दीदीगण भी उपस्थित रहे।



## सीएम हाउस में भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए गिरधारी नायक सम्मानित

**बसना।** मुख्यमंत्री निवास अटल नगर नया रायपुर में आयोजित भारतीय जनरता पार्टी प्राथमिक सदस्यता अभियान 2024-25 के अंतर्गत उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान एवं मुख्यमंत्री के साथ सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया सदस्यता अभियान में एक हजार से अधिक ऑनलाइन सदस्य बनाने वाले विधायकों, सांसदों सहित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता गिरधारी लाल नायक जी को सदस्यता अभियान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया गिरधारी लाल नायक ने यह सम्मान प्राप्त करने के पर काहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकप्रिय पार्टी है। प्रदेश में 60लाख से अधिक भाजपा कार्यकर्ता हैं,जिसका पूरा श्रेय भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं एवं उन भाजपा सदस्यों को जाता है गिरधारी लाल नायक ने आगे कहा कि प्रदेश भर के लगभग 250 लोगों को यह सम्मान प्राप्त हुआ जिसमें से जिला महासमुंद सरायपाली विधानसभा के भंवरपुर मंडल में से एक मात्र उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा केंद्रीय उपाध्यक्ष संघठन महामंत्री अजय जामवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मौजूदगी में किया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव की तैयारी पूर्ण, बागबाहरा के मंडी प्रांगण में होगा भव्य आयोजन

**बागबाहरा।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को वैश्विक स्तर पर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार,संस्कृति,सभ्यता, परम्परा ,जल - जंगल और जमीन को संरक्षित करने तथा समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह मनाया जाता है। सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर बताया कि 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रति वर्ष की भांति प्रायोजित स्थल बागबाहरा के मंडी परिसर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।आयोजन की पूरी तैयारी की जा चुकी है। जिले भर के आदिवासी समाज जनों को महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। ठाकुर ने बताया कि जिले भर में उत्सव को लेकर समाज जनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम की सफलता एवं भव्यता के लिए पूरी तैयारी की गई है। ईष्ट देवी देवताओं के पूजन अर्चन पश्चात डीजे के धुन पर युवाओं के द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी तथा उत्सव में सम्मिलित समाज जनों द्वारा एकता का परिचय दिखाते हुए ऐतिहासिक मुख्य रैली निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा साथ ही रैली में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक वेश भूषा में सुसज्जित होकर विभिन्न आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी।तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों के स्वागत सम्मान एवं उद्बोधन उपरांत मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कार्यकारी जिलाध्यक्ष थानसिंह दीवान ने बताया कि महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने में सभी समाज प्रमुखों कार्यकर्ताओं एवं समाज जनों का पूर्ण सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ है। दीवान ने कहा कि महोत्सव के आयोजन में समाज के प्रतिभावान छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए मंच के माध्यम से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

---

# कांचोनो सोनवानी को मिला 11 साल बाद मिला आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर की कांचोनो सोनवानी जिनका आधार कार्ड पिछले 11 वर्षों से नहीं बन पा रहा था, उन्हें अब अंततः अपना आधार कार्ड प्राप्त हो गया है। यह कार्य सरायपाली में आयोजित सुशासन त्यौहार के दौरान प्रारंभ हुई प्रक्रिया और सभी संबंधित अधिकारियों के सहयोग से संभव हो पाया। सुशासन त्यौहार के दौरान कांचोनो सोनवानी ने अपने आधार नहीं बन पाने हेतु शिकायत पंजीयन करवाया था। इस विषय की जानकारी तात्कालीन पार्षद एवं जनप्रतिनिधि स्वर्ण सिंह सलूजा लगातार प्रयास करते रहे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई गई। इसके पश्चात एसडीएम ऑफिस एवं जनपद सीईओ द्वारा आधार गाइड से चर्चा कर प्रकरण को गंभीरता से लिया गया।कांचोनो सोनवानी द्वारा पूर्व में भी आधार पंजीयन हेतु आवेदन किया गया था, किंतु रसीद उनके पास उपलब्ध नहीं थी। आधार गाइड ने इस समस्या के समाधान हेतु रायपुर निवासी अपने मित्र से संपर्क कर परामर्श लिया। उनके मित्र ने पूर्व में अपनी माता की इसी तरह की समस्या का समाधान हैदराबाद जाकर किया था। उसी प्रक्रिया के अनुसार इस बार भी संपूर्ण पावती एवं दस्तावेजों को एकत्र कर हैदराबाद हेड ऑफिस में प्रस्तुत किया गया। वहां जांच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि कांचोनो सोनवानी का आधार कार्ड वर्ष 2014 में ही बन चुका था, किंतु बार-बार नए आवेदन किए जाने के कारण उनका आवेदन निरस्त हो रहा था। हेड ऑफिस द्वारा पुरानी इनरोलमेंट आईडी प्रदान की गई और उसी के आधार पर उनके आधार कार्ड को पुनः अपडेट कर निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। अंततः आज कांचोनो सोनवानी को उनके आधार कार्ड की प्रति एसडीएम सरायपाली के द्वारा प्रदान की गई। आधार कार्ड प्राप्त होने पर उनकी आंखों में खुशी के आंसू झलक उठे, क्योंकि आधार कार्ड के अभाव में वे बैंक पासबुक, राशन कार्ड और शासन की जनहित योजनाओं से वंचित थीं। अब उन्हें ये सभी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इस संपूर्ण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में एसडीएम सरायपाली, जनपद सीईओ अमित हालदार, ईडीएम महासमुंद भूपेंद्र अंबिलकर एवं आधार गाइड किशोर प्रदीप सतपथी का विशेष योगदान रहा। कांचोनो सोनवानी ने इन सभी का हृदय से आभार प्रकट किया।






# सांसद ने मोदी के समक्ष रखा विकास विज़न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष भेंट कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने महासमुंद लोकसभा के दोनों जिलों धमतरी और गरियाबंद को राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल करने और महासमुंद में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए जाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों सौगातें क्षेत्र की कृषि और स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई देंगी—बागवानी मिशन से किसानों की आय और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जबकि मेडिकल कॉलेज से युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा और स्थानीय जनता के लिए उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



सांसद रूप कुमारी चौधरी ने आभार व्यक्त करने के साथ ही महासमुंद के लिए आगे और विकास की मांग भी रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री से पर्यटन स्थलों के उन्नयन, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा, आधुनिक कृषि तकनीक का प्रसार, सिंचाई नेटवर्क का विस्तार, सड़क और रेल संपर्क में सुधार, तथा युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए विशेष योजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

सांसद ने पिछले 11 वर्षों में महासमुंद लोकसभा को मिली विविध सौगातों सड़क व पुल निर्माण, शिक्षा व स्वास्थ्य संस्थानों का विस्तार, सिंचाई परियोजनाओं, बिजली व जल आपूर्ति सुधार, कृषि नवाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद द्वारा प्रस्तुत मांगों और सुझावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि महासमुंद के विकास को निरंतर प्राथमिकता दी जाएगी और केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। संसद चौधरी ने कहा यह मुलाकात न केवल अब तक के कार्यों की सराहना का प्रतीक है, बल्कि आने वाले वर्षों में महासमुंद को नई ऊर्जा और गति देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल भी है।




## स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**महासमुंद**। जीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल सिरपुर में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने स्वयं के द्वारा बनाए गए राखी सभी छात्रों को बांधते हुए भाई -बहन के अटूट विश्वास और रक्षा का संदेश दिया, वहीं छात्राओं में स्वयं से ही राखी मेकिंग को लेकर गजब का उत्साह देखा गया, बच्चों के द्वारा स्वयं से ही बनाए हुए अनेकानेक डिजाइनों से सुसज्जित रंग-बिरंगी राखी आज के कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा और बच्चों ने भी हर्षोल्लास पूर्वक एक दूसरे को राखी बांधकर बधाई देते नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षक स्टाफ ने रक्षाबंधन पर्व विशेष पर अपने अपने विचारों से बच्चों को प्रोत्साहित किए।

# पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण, कमियों के सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से विस्तृत चर्चा कर पाई गई कमियों को दूर करने एवं आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही छात्रावास भवन के रखरखाव और आवश्यक मांगों पर आदिम जाति कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री से चर्चा करने की बात कही गई। छात्रावास में 50 छात्राओं की क्षमता है, जिनमें से निरीक्षण के दिन 37 छात्राएं उपस्थित थीं। अधीक्षिका सुषमा मांझी ने बताया कि शेष छात्राएं रक्षा बंधन के अवसर पर घर गई हुई हैं। इस मौके पर आदिम जाति कल्याण विभाग के खंड प्रभारी अजय माधवन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, अधीक्षिका सुषमा मांझी, महिला सुरक्षा गार्ड एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ आज सरायपाली छात्रावास का निरीक्षण किया गया, जिसमें अनेक कमियां पाई गईं। इन कमियों के सुधार हेतु अधिकारियों एवं अधीक्षिका को निर्देशित किया गया है। अधीक्षिका द्वारा रखी गई मांगों को शासन को भेजी जाने वाली निरीक्षण रिपोर्ट के साथ विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आश्रम-छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को संपूर्ण सुविधाएं, सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास हेतु शासन कृतसंकल्पित है। आगामी दिनों में सरायपाली क्षेत्र के अन्य आश्रम, छात्रावास एवं शासकीय विभागों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन शासन को भेजा जाएगा।












## खबर संक्षेप



### शेर में स्वतंत्रता आंदोलन दिवस मनाया गया

**महासमुंद।** शाउमावि शेर के प्राचार्य एसबी लाल के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता आंदोलन दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा देश के जवानों के लिए राखियां प्रेषित किया गया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सेनानियों के याद में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हितेंद्र कुमार शर्मा ने किया कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ट व्याख्याता दिलीप छत्रे, टोहन देवांगन, शोभा दीवान, रेणुका शर्मा, नरेश विश्वकर्मा, रोहित मिश्रा, होश सिन्हा, कोमल साहू, डोमेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, आशा सिन्हा, मधुमती डहरिया, सुषमा साहू, दिव्या ताम्रकार, मोनिका मोंगरे, उमाशंकर पटेल, विजय पुरी, भुवन साहू, दिनेशसोनी, दीपक शर्मा, रीचा पटेल, हेमा नेताम, संगीता तांडेकर, समीम कौसर, पद्मा दीवान, मितेश श्याम, रेणुका मिश्रा, दीपांशु, अनfता, शीतल साहू, गायत्री सेन उपस्थित रहे।

### कोडर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग

**महासमुंद।** भाजपा के सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किसानों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल कोडर बांध से पानी जारी करने का मांग की है। मांग पत्र में तुषार साहू ने बताया कि वर्तमान में खेतों में निंदाई, चलाई का काम चल रहा है, साथ ही रोपाई का काम भी पूर्णता की ओर है, और ऐसे में अब पौधे के संपूर्ण विकास के लिए पानी की नितांत आवश्यकता है। पानी की कमी से मैदानी क्षेत्र में धान की फसल सूखने लगी है, जिसके चलते समय से पानी नहीं मिलने से पौधों का संपन्न विकास न केवल प्रभावित होता है अपितु उत्पादन में भी भारी कमी आती है। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र कोडर बांध से नहर में पानी छोड़ने की बात कही, अभी वर्तमान में कोडार बांध में 30 फीट पानी उपलब्ध है, जो की कोडार की कुल क्षमता लगभग 70% पानी है, ऐसे में जनहित को देखते हुए किसानों को अतिशीघ्र पानी देना चाहिए।



**पहल : लोगों को नशे से दूर करने का किया जा रहा प्रयास**

# कोमाखान पुलिस की शराबबंदी मुहीम, बन रहा जनअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले के कोमाखान क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाई जा रही शराबबंदी मुहिम अब गांव-गांव में असर दिखाने लगी है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और कोमाखान थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना टीम ने हाल ही में ग्राम बांसकाटा और कुर्सीपार सहित विभिन्न गांवों में विशेष बैठकें आयोजित की है, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बैठक में शराबबंदी के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई और ग्रामीणों ने इसे सफल बनाने के लिए पुलिस को पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराबबंदी केवल कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य, शांति और सुरक्षा बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी पहल है। उन्होंने समझाया कि अवैध शराब का सेवन और कारोबार परिवार, युवाओं और समाज को धीरे-धीरे खोखला कर देता है।




#### ग्रामीणों का भरोसा - अवैध शराब से मिलेगी मुक्ति

बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की यह पहल उनके गांव और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की हर कार्रवाई में वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

#### सीमावर्ती इलाकों में अवैध शराब की चुनौती

कोमाखान थाना क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा उड़ीसा राज्य की सीमा से लगा है, जिसके कारण यहां उड़ीसा से अवैध शराब की खेप पहुंचने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सीमावर्ती गांवों में इस शराब की अवैध बिक्री कई सामाजिक और आपराधिक समस्याओं को जन्म देती है। इस पर कड़ी रोक लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर कोमाखान पुलिस टीम लगातार गांवों में जनजागरूकता अभियान चला रही है।

#### पुलिस का संदेश—जनसहयोग ही सफलता की कुंजी

कोमाखान थाना की टीम का मानना है कि केवल कानूनी कार्रवाई से शराबबंदी स्थायी नहीं हो सकती, जब तक जनता की सहभागिता न हो। इसी कारण पुलिस गांव-गांव जाकर संवाद स्थापित कर रही है और लोगों को इस मुहिम में शामिल कर रही है। पुलिस ने अपील की कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या बिक्री की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

#### नशे से मुक्त समाज के लिए बन रही है गांव-गांव में युवाओं की टीम

कोमाखान पुलिस की द्वारा गांव-गांव में युवाओं की टीमें भी बना रही है और उन्हें नशे से दूर रहने व गांव को नशामुक्त रखने के लिए प्रेरित कर रही है। इस तालमेल और प्रयास से यह उम्मीद धीरे-धीरे ग्रामीणों के मन में जग रही है कि कोमाखान क्षेत्र जल्द ही अवैध शराब के जाल से मुक्त होकर एक स्वच्छ और सुरक्षित समाज की ओर कदम बढ़ाएगा।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुरंदर मिश्रा ने दुर्गापाली का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दुर्गापाली आगमन की तैयारी के सिलसिले में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने दुर्गापाली का दौरा किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित व्यास पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री आगमन की तैयारी को लेकर समीक्षा की। मुख्यमंत्री ग्राम दुर्गापाली में आगामी 11 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा स्कूल परिसर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने सभा स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल परिसर को मुख्यमंत्री के सभा स्थल के रूप में चयन किया गया तथा हेलीपैड के लिए धान खरीदी केंद्र आंवलाचक्का एवं हाईस्कूल मैदान रोहिना का अवलोकन किया गया। रोहिना हाईस्कूल मैदान में हेलीपैड बनाए जाने की सहमति बनी है। अधिकारियों ने रोहिना स्कूल मैदान को हेलीपैड के लिए उपयुक्त माना। इसके पूर्व भी यहां एक बार दिलीप सिंह जूदेव एवं दूसरी बार राज्यपाल के एम सेठ का आगमन हेलीकाप्टर से चुका है।



यह ज्ञातव्य हो कि विधायक पुरंदर मिश्रा का गृहग्राम दुर्गापाली है। प्राथमिक शिक्षा दुर्गापाली में एवं मिडिल स्कूल की शिक्षा रोहिना में अध्ययन करने के पश्चात सरायपाली फिर उच्च शिक्षा के लिए रायपुर चले गए और वहीं पर रहकर रायपुर उत्तर के विधायक निर्वाचित हुए। विधायक बनने के बाद पहली बार गृहग्राम दुर्गापाली आगमन होने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीण विधायक पुरंदर मिश्रा को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित थे। तैयारी बैठक के दौरान बसना अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे, डीएफओ मयंक पांडे, सीईओ जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर, आरईएस एसडीओ नयन प्रधान, उद्यानिकी अधिकारी उपेंद्र नाग, विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, दुर्गापाली प्रभारी प्राचार्य निमंकर पटेल, जनपद सदस्य संतोषी मुन्ना अग्रवाल, सरपंच मौना राजकुमार पटेल, सोहन पटेल सहित क्षेत्र पंच सरपंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राखी बनाओ प्रतियोगिता में आरती रंगोली में धारणी ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में करुणा दुबे प्राचार्य के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रंगोली एवं तिरंगा राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। करुणा दुबे ने कहा कि कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। साथ ही राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से लोगों को परिचित कराना है। डॉ मालती तिवारी द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान और गौरव की आत्मा है। यह अभियान यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक घर और प्रत्येक हृदय भारत की भावना के साथ एकरूप होकर धड़के। डॉ रीता पांडेय द्वारा बताया कि तिरंगा राखी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। साथ ही भारतीय तिरंगे के महत्व को समझाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना भी इसका लक्ष्य है। प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रतीकों और तिरंगे के रंगों का सुंदर समन्वय राखियों में देखने को मिला। डॉ. ई पी चेलक ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में रचनात्मकता और राष्ट्रप्रेम दोनों को विकसित करने का माध्यम बनते हैं। अजय कुमार राजा ने कहा कि अभियान के जरिए उन लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश के वीर जवानों, जिन्होंने तिरंगे की रक्षा की खातिर अपनी जान देने में पीछे नहीं हटे और जो हर समय सीमा पर डटे रहते हैं, को देश अपनी श्रद्धा और आदर देगा। निर्णायक मंडल डॉ रीता पांडेय, डॉ मालती तिवारी, डॉ ईपी चेलक, अजय कुमार राजा द्वारा दोनों प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया गया जिसमें राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरती मेहता एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्रतिभा साहू बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान भुनेश्वरी साहू एमएससी वनस्पतिशास्त्र तृतीय सेमेस्टर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धारणी चंद्राकर बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्रतिभा साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर बायो, तृतीय स्थान मनीष भोई एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम प्रभारी राजेश्वरी सोनी, दिलीप कुमार लहरें एवं आयोजन सहायक मनीषा प्रधान, मृणाली चंद्राकर, नम्रता तंबोली, शिवानी तावेरकर सहित अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।



### कोमाखान में आज विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा

**नर्रा ।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ राज्य सुवरमार के तत्वावधान में आज 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कृषि उपज मंडी प्रांगण कोमाखान में मनाया जा रहा है कार्यक्रम में समाज के इष्ट देव भगवान बूढ़ादेव का पूजा अर्चन कर नगर भ्रमण रैली निकाली जायेगी एवं समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मान किया जायेगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज के बच्चों के द्वारा प्रस्तुति होगी इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत व उद्बोधन होगा। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव होगें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ अध्यक्ष बंसता ठाकुर एवं अध्यक्षता अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ राज्य अध्यक्ष देव सिंग ठाकुर करेंगे। समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ने क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है तथा कोमाखान क्षेत्र के सामाजिक जनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है ।

## रंजीत की पहल से प्रदेश के विलुप्त हो रहे नाचा गम्मत को मिली नई संजीवनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अंचल के ग्राम सराईपाली के नाचा गम्मत कका भतीजा सराईपाली कोमाखान के संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ संस्कृति के अनमोल धरोहरों में से एक पारंपरिक विधा नाचा गम्मत जो एक समय में टीवी, मोबाइल, सिनेमा, लोक कला मंच के आ जाने के कारण विलुप्त होने के कगार पर था। लेकिन, 12 वर्ष के कम उम्र से नाचा गम्मत नाटक में अपने अभिनय करते आ रहे रंजीत चक्रधारी ने कोरोना काल के आपदा को अवसर में बदलते हुए 18 जिलों के 455 नाचा संस्था के लगभग 20000 कलाकारों को संगठित करते हुए, प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ का गठन कर नाचा कलाकारों को एकजुट करते हुए विलुप्त हो रहे नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए दुर्ग जिले के निकुम एवं वहां के तत्कालीन जनपद सदस्य रूपेश देशमुख के अद्वितीय योगदान एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से स्व. रामचंद्र देशमुख के स्मृति में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव 2022 का आयोजन किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के बतौर प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन के सक्रिय सदस्यों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर हमारे नाचा गम्मत के पुरोधा नाचा गम्मत में अपने जीवन का अतुल्य योगदान देने वाले डोमार सिंह कुंवर को पद्मश्री जैसे राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान में से एक सम्मान दिलाने में विशेष भूमिका निभाया। ग्राम नवाडिही जिला महासमुंद निवासी धनेश्वर साहू ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं एक नाचा गम्मत कलाकार हूं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने मुझे प्रेरित करते हुए नाचा गम्मत के महत्व को बताया। नये नये कलाकारों को नाचा गम्मत से जोड़ते हुए नाचा गम्मत विशेष कार्यशाला आयोजित कर शिक्षा प्रदान किया गया, जो आज मुझे कला प्रदर्शनी करने के साथ साथ रोजगार का साधन मुहैया कराने के साथ जीवकोपार्जन करने का प्रमुख साधन है।

## पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध कर सुरक्षा का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गौरैय्या इको क्लब के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सोन सिह दीवान ने पेड़ों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे हम अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए राखी बांधते हैं, वैसे ही पेड़ों को राखी बांधकर हम उनकी सुरक्षा और संरक्षण का व्रत लेते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर एवं आस-पास लगे पेड़ों को रक्षा सूत्र बाँधा और यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इन पेड़ों की देखभाल करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की इस कार्यक्रम की जानकारी गौरैय्या इको क्लब प्रभारी ममता तिवारी ने दी।

### उपमुख्यमंत्री से मिले नमो नमो मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**महासमुंद।** नमो नमो मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय हटवार का छत्तीसगढ़ आगमन पर मोर्चा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हटवार ने मोर्चा संगठन को प्रदेश में मजबूत करने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिए। साथ ही संगठन के विस्तार के लिए चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर मोर्चा द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर नमो नमो मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बघेल व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## शिक्षा दान पुण्य का काम, संवरता है बच्चों का भविष्य : नीलम

### विद्यालयों का स्थापना दिवका कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा प्रदान करना पुण्य का काम है, शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य संवरता है। साथ ही समाज और देश को लाभ होता है। उक्त विचार ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्वंगीय नीलकंठ राव साकरकर तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल महासमुंद के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से नीलम रेवाराम कोसरे (पूर्व सरपंच खैरा) ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेना चाहिए, जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष ने कहा ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर की स्थापना 05 अगस्त 1985 को की गई थी, संस्था उस समय क्लब पारा स्थित गायत्री मंदिर में प्रारंभ हुई थी। इसके पश्चात स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्च माध्यमिक शाला (1989) एवं पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल (2016) में खोला गया। तीनों संस्थाएं नगर के प्रबुद्ध पालकगण तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। आज विद्यालय स्वयं के भवन पर संचालित है और यह सब आप सब के सहयोग से संभव है। समिति के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद है ( जिन्होंने 1905 में पहला बालिका विद्यालय की स्थापना कलकत्ता में इनके शिष्या बहन निवेदिता ने किया था)। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद नीलकंठ राय साकरकर तथा पद्मावती टांकसाले के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्व्भलित कर किया गया। स्वागत गीत शिक्षिका पूजा सिन्हा एवं मनीषा ठाकुर ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकगण पूजा सिन्हा तथा अंजली सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन भारती साहू ने किया। उक्त जानकारी माधवराव टांकसाले ने दी







## शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला, तुमगांव में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं भाईचारे के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं मीनाक्षी दुर्गेश्वरी, मीनाक्षी, दीपाली एवं वेदिका ने विद्यालय के सभी छात्र भाइयों को प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशेष पहल के तहत विद्यालय के पेड़-पौधों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया, जिससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवेदनशीलता का भाव जागृत हो सके। इस अवसर पर बच्चों ने रक्षाबंधन से जुड़े गीत गाए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रधानपाठक संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, विद्या दान शिक्षक कुमारी प्रभा कोसले एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक साहू ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व, भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और प्रकृति की सुरक्षा के संदेश से अवगत कराया।